कार्यालय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति,

जबलपुर (म0प्र0)

''दिनांक 10 जुलाई, 2021 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में ''

दिनांक 10 जुलाई, 2021 (द्वितीय शनिवार) को **''नेशनल लोक अदालत''** का आयोजन किया जाना है। इस नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, मोटर दुर्घटना से उद्भूत क्षतिपूर्ति हेतु दावा, चैक अनादरण के प्रकरण, भरण–पोषण /वैवाहिक विवाद प्रकरण, भू–अर्जन संबंधी प्रकरण, रिट मैटर्स, सिविल प्रकरण इत्यादि कानूनन समझौता योग्य प्रकरण, जो पूर्व से उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं, को समझौता के माध्यम से निराकरण किये जाने हेतु रखा जावेगा।

अतः समस्त पक्षकारों एवं विद्वान अभिभाषकगण को सूचित किया जाता है कि यदि वे अपने उपयुक्त प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से कराना चाहते हैं, तथा साथ ही ऐसे अधिवक्ता, जो अपना प्रकरण स्वेच्छा से वापस लेना चाहते हैं, वे यथाशीघ्र प्रकरणों की सूची इस कार्यालय को ई–मेल के माध्यम से भेजने का कष्ट करें ताकि कॉजलिस्ट प्रकाशित कराई जा सके। कार्यालय की ई–मेल आई.डी. mphclsc@gmail.com है। ।

दिनांक 15.06.2021

(मोहित दीवान) 15/6/21
ओ0एस0डी0